चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0/ 986
दिनांक : 03.06.2023

अति आवश्यक/महत्वपूर्ण
विज्ञप्ति

विषय–बी0एड0 प्रथम वर्ष–2023 व द्वितीय वर्ष–2023 के आन्तरिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा बी0एड0 प्रथम वर्ष–2023 व द्वितीय वर्ष–2023 की सैद्धान्तिक परीक्षायें शीघ्र आयोजित करायी जानी हैं। विश्वविद्यालय दारा बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2023 की प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न करायी जा चुकी हैं। बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2023 की **सैद्धान्तिक परीक्षायें प्रारम्भ होने से पूर्व आन्तरिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड हो जाने चाहिये** किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अभी तक समस्त छात्र/छात्राओं के आन्तरिक अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं।

ऐसे महाविद्यालय/संस्थान जिनके द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम की आन्तरिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अभी तक अपलोड नही किये गये हैं उन महाविद्यालयों/संस्थानों से अपेक्षा है कि छात्रहित में आन्तरिक परीक्षाओं के अंक प्रत्येक दशा में 07 कार्य दिवसों में पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करना सुनिश्चित करें। यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा उक्त निर्धारित अवधि में आन्तरिक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी नहीं किये जायेंगे जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य का होगा।

यह भी सूच्य है कि आन्तरिक परीक्षा के अंक किसी भी दशा में ऑफलाईन स्वीकार नहीं किये जायेंगे और यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा जिन छात्र/छात्राओं के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाते हैं तो उनके अंक अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल पुनः सक्रिय नहीं किया जायेगा।

03/06/2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को अनुपालनार्थ।
4. प्रभारी, वेबसाईट/कम्प्यूटर सेल/परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. मैसर्स मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. मैसर्स आई0टी0आई0 लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/971